दिनांक 15.07.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

नगर निगम भिलाई के सामान्य सभा में पूर्व निर्धारित बैठक संपन्न हुई

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी. सदस्यगण, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षदगणो, नगर निगम के प्रमुख अधिकारीजन उपस्थित हुए। नगर निगम भिलाई के सभागार में 11 बजे सामान्य सभा की शुरूआत हुई। जिसमें सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियो द्वारा सफाई से संबंधित पूर्व निर्धारित एजेण्डा क्रमांक 2 से 16 तक सफाई से संबंधित विषयो पर विचार विमर्श किया गया। एम.आई.सी. सदस्य, पार्षदगण, नेता प्रतिपक्ष, महापौर शहर की सफाई कैसे और व्यवस्थित हो इसके संबंध में अपने सुझाव एवं विचार रखें। सफाई संबंधित विषयो पर सारगर्भिक चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अभी वर्तमान में पूर्व एजेंसी से कार्य कराते हुए नयी एजेंसी के लिए निविदा जारी की जावे। हमारा भिलाई नगर साफ सुथरा और व्यवस्थित हो इसलिए निगम के 25 प्रतिशत पार्षदगणो की एडवाईजरी कमेटी बनायी जायेगी। जिसमें सेक्टर क्षेत्र के भी पार्षदगण होगें। सभी लोग मिलकर निर्णय लेगे उसके आधार पर सफाई के लिए आने वाली एजेंसी से कार्य लिया जायेगा। उन्ही के सुझाव पर आगामी सफाई संबंधी अनुबंध होगा, प्रस्ताव पारित किया गया। एजेण्डा क्रमांक 19 पेयजल के विषय पर भी पार्षदगणो ने अपना विचार रखा। पेयजल की पूर्ति सभी नागरिको तक प्रर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति हो इस पर भी सत्ता पक्ष एवं प्रतिपक्ष दोनो पक्षो के तरफ से विचार विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि टंकियो को जोड़ने के लिए जो प्रस्ताव सदन के सामने रखे गये है, उसकी स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल से संबंधित आगामी बैठक रखी जावे। जिसमें सभी पार्षदगण अपने अपने वार्ड के पेयजल की प्रतिपूर्ति के संबंध में चर्चा करेगें।